हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 34 .3 डिग्री
न्यूनतम 23 .3 डिग्री

11 मेजबान विद्या देवी जिंदल स्कूल बना हॉकी में चैंपियन



12 अधिवक्ता कल्सन व भाटला सामाजिक बहिष्कार पीड़ितों के समर्थन में प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### जवाहर नगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**हिसार।** आस्था फाउंडेशन एवं सर्वेश हेल्थ सिटी के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर नगर गली नंबर 7 गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा में एक स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को लगाया जाएगा। फाउंडेशन के प्रैस प्रवक्ता प्रवीन मेहता पवन ने बताया कि स्वर्गीय माता सरदारनी लीला कौर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस जांच शिविर में अनुभवी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम द्वारा नेत्र जांच, सामान्य रोग एंव बीपी शुगर ईसीजी की जांच मुफ्त में की जाएगी और यथा संभव दवाइयां भी निःशुल्क दी जाएंगी।

### फोटोग्राफर संघ कार्यकारिणी का विस्तार किया

**उकलाना।** फोटोग्राफर संघ की मीटिंग प्रधान पुण्यकीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक में उपप्रधान संदीप, सचिव चमन, कोषाध्यक्ष श्रवण बिश्नोई, मीडिया सलाहकार प्रदीप बनाए गए। बैठक में भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए अनेक निर्णय लिए गए और फोटोग्राफर संघ द्वारा आगामी समय के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई।

### मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** मुल्तानी चौकी पुलिस ने मोबाइल छीनने के मामले में दो आरोपियों बड़वाली ढाणी निवासी विशाल उर्फ भिंडी और सैनियान मोहल्ला निवासी कृष्णा तिवारी को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। नाबालिग को ऑब्जर्वेशन होम भेजा गया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रामफल ने बताया कि थाना एचटीएम हिसार में फतेहाबाद निवासी राजपाल ने शिकायत दी थी कि 12-13 जुलाई की रात को वह निधि लाइब्रेरी से पढ़ाई करके रामपुरा मोहल्ला लौट रहा था। उसी दौरान रेड स्क्वायर मार्केट के निकट विश्वकर्मा धर्मशाला के पास तीन मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

### समारोह में जेब तराशने वाला आरोपी काबू

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने रविवार को भाजपा जिला कार्यालय के उद्घाटन के समय एक व्यक्ति की जेब में से रुपये चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जींद जिले के गांव सडील निवासी प्रवीन के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी ने रविवार को हांसी में भाजपा जिला कार्यालय के उदघाटन के समय भीड़ का फायदा उठाकर एक व्यक्ति की जेब में से रुपए निकाल लिए थे। थाना शहर हांसी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में 17 को तीज महोत्सव होगा

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में 17 जुलाई को तीज महोत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के लिए मोक्ष वृद्धाश्रम में तैयारियां शुरू हो गई हैं और आश्रम को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। महोत्सव में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं हिस्सा लेंगी और निशा दीदी व सुनीता सातरोडिय़ा की मंडली भजनों के माध्यम से समां बांधने का काम करेंगी। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि 17 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे से तीज महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बुजुर्गों व उपस्थित लोगों को झूला झूलने का भी अवसर मिलेगा।

### जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से खफा भाजपा पार्षद अरोड़ा ने कैबिनेट मंत्री पंवार को सुनाया दुखड़ा

# एमएलए, मेयर, निगमायुक्त की ही नहीं सुनते अफसर, ऐसे अधिकारियों का ट्रांसफर हो या इन्हें सस्पेंड करो, नहीं तो मैं पार्षद पद से इस्तीफा दूंगा

**कैबिनेट मंत्री पंवार ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश समस्या का समाधान करवाएं, दोबारा शिकायत न आए**

## मेरे वार्ड-17 में सीवरेज व ड्रेनेज व्यवस्था का बुरा हाल, अधिकारी 3-3 घंटे फोन नहीं उठाते, तीन माह से कोई काम नहीं हुआ : पार्षद अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली से खफा नगर निगम के वार्ड 17 से भाजपा पार्षद राजेश अरोड़ा ने सोमवार को अपना दुखड़ा जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को सुनाया। पार्षद अरोड़ा ने मंत्री को बताया कि मेरे वार्ड में सीवरेज व्यवस्था तथा ड्रेनेज का बुरा हाल है। तीन महीने से कुछ नहीं हो रहा। विभाग के एसडीओ-एक्सईएन कोई सुनवाई नहीं कर रहा। थोड़ी सी बारिश में जवाहर नगर इलाका जलमग्न हो जाता है और बरसाती पानी कई घंटों तक खड़ा रहता है। अधिकारियों को फोन किया जाता है, वे 3-3 घंटे तक फोन तक नहीं उठाते। यहां तक कि अधिकारी न तो एमएलए, न मेयर और न ही निगमायुक्त की सुनते हैं। सारी जनता परेशान है। सुनवाई नहीं करने वाले अधिकारियों की या तो ट्रांसफर की जाए या फिर उन्हें सस्पेंड किया जाए। पार्षद अरोड़ा यहीं नहीं रुके और बड़े हताश मन के साथ कहा कि इनके कारण मैं लोगों से परेशान हूं और मैं तो पार्षद पद से इस्तीफा ही दे दूंगा। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सफाई दी कि जवाहर नगर एरिया टेल पर है, इसलिए बरसाती पानी निकलने में 3 घंटे लग जाते हैं। इस पर पार्षद ने कहा कि मंत्री जी, ये झूठ बोल रहे हैं, 5-5 घंटे पानी नहीं निकलता। सीवरेज हमेशा जाम रहते हैं। कैबिनेट मंत्री पंवार ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि समस्या का समाधान करवाया जाए और दोबारा इस तरह के शिकायत नहीं आने चाहिए। बैठक में मौजूद नलवा से विधायक रणधीर पनिहार से भी पार्षद अरोड़ा को भरोसा दिलाया कि आज अधिकारियों के साथ बैठक हैं, उसमें इस समस्या के समाधान पर चर्चा की जाएगी।





**हिसार।** मंत्री को दुखड़ा सुनाते भाजपा पार्षद राजेश अरोड़ा और बैठक की अध्यक्षता कर नागरिकों की समस्या सुनते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### 14 में से 10 परिवादों का मौके पर समाधान

स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 14 में से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। शेष 4 शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए उन्होंने समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना की दिशा में शेष शिकायतों का समाधान भी समयबद्धता के साथ करवाने के लिए कहा।

### अनियमितताओं की जांच के निर्देश दिए

बैठक में प्रार्थी ज्ञान चन्द गोयल द्वारा मिर्जापुर रोड के पास अवैध कॉलोनी में सड़के बनवाने तथा प्लाटिंग का ले आउट प्लान जारी करने के मामले में कार्यवाही करने बारे में परिवाद रखा गया, जिस पर पंवार ने पुलिस को अनियमितताओं के संदर्भ में जांच करने के निर्देश दिए। गांव खेड़ा रांगड़ान के कोटे का राशन उनके गांव में न बांटकर दूसरे गांव उगालन में बांटे जाने के संबंध में उपमंडल अधिकारी विकास यादव द्वारा जांच बैठक में रखी गई। जांच में डिपो होल्डर की गलती मिली। उसका लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश पिछली बैठक में ही दे दिए गए थे।

### एफआईआर दर्ज हो पैसे दिलवाएं जाएं

प्रार्थी इन्द्रो देवी निवासी गांव बधावड़ द्वारा जालसाजी एवं धोखाधड़ी से उसके नाम पर ट्रैक्टर लोन लिए जाने संबंधी मामले में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने और प्रार्थी के पैसे वापस दिलवाने के निर्देश दिए। ऐरन गोल्ड सुक प्रोजेक्ट में प्रार्थी सत्य नारायण गर्ग द्वारा सहमति पत्र में सीरियल नं0 103,104 द्वारा नकली हस्ताक्षर/सहमति से नक्शा बदलाव संबंधी शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने हस्ताक्षरों को मिलान करने के लिए एफएसएल को मामला भेजने के निर्देश दिए।

### सप्ताह में गंदा पानी निकालने के आदेश

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में पहुंचे प्रार्थी नरेश व पवन जांगड़ा निवासी गांव खेड़ी चौपटा द्वारा फिरनी पर गांव का गन्दे पानी की निकासी के संबंध में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को एक सप्ताह में पानी निकालने और लंबी अवधि की परियोजना बनाकर मुख्यालय को भेजने की हिदायत दी गई। प्रार्थी द्वारा गांव मिर्चपुर के नए बस स्टैंड के पास विश्वकर्मा धर्मशाला बनाए जाने के संबंध में शिकायत को लंबित रखते हुए अगली बैठक में सरपंच को बुलाने के निर्देश दिए गए।

#### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

### मंत्री पंवार के सामने दुकान में दोबारा चोरी का उठा मामला

अग्रोहा थाना क्षेत्र के दुकानदार कृष्ण गर्ग ने कैबिनेट मंत्री पंवार के सामने दुकान चोरी का मामला उठाते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया। गर्ग ने बताया कि गत 10 जून को अग्रोहा मोड़ पर उसकी श्रीराम किरयाणा स्टोर दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस आज तक उसमें कोई खुलासा नहीं कर पाई। पुलिस के चक्कर काटते रहे, लेकिन न माल मिला और न ही पुलिस आरोपी को पकड़ पाई। दुकानदार ने कहा कि हद तो तब है कि चोरों ने फिर से उसकी दुकान में चोरी कर ली। इस बीच रात को दुकान में फिर से चोर घुस गए। सुबह पुलिस मौके पर आई हुई थी और चोर दुकान के अंदर था। मौके पर आए पुलिस टीम को बताया कि आरोपी दुकान के अंदर है, इसलिए आप जहां से चोर दुकान में घुस उसी रास्ते से जाए तो चोरी को पकड़ा जा चुका है, लेकिन पुलिस टीम नहीं मानी और जबरन दुकान का शटर खुलवाया। शटर खुलने की आवाज सुनकर चोरी जिस रास्ते से घुसा, उसी रास्ते से फरार हो गया।

#### ये शिकायतें आई

### इन परिवाद की भी हुई सुनवाई

बैठक में प्रार्थी सुरत सिंह द्वारा गांव ढाणी गारण द्वारा वाटर वर्क्स में गांव तक सड़क ठीक कराने एवं पाइप लाइन को सही तरीके से डलवाने, प्रार्थी कृष्ण कुमार द्वारा गांव डोभी की ढाणियों में बिजली के खंभे की तार को सही करवाने, प्रार्थी राजबीर द्वारा खाल के गलत लेवल को सही करवाते हुए मामले की जांच करवाने, प्रार्थी मंजीत कुंडू द्वारा नगर निगम के विकास शुल्क लिए जाने में प्रक्रिया का सही से पालन न करने तथा प्रार्थी कमला द्वारा नगर पालिका नारनौंद से संबंधित शिकायत को सुना गया और उनका निपटान किया गया।

#### शिरकत

### बैठक में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, हांसी विधायक विनोद भ्याणा, मेयर प्रवीण पोपली, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, उपायुक्त अनीश यादव, हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन, नगर निगम आयुक्त नीरज सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, रवि सैनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बिश्नोई सभा के पूर्व प्रधान बूड़िया को फिर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले की युवती से रेप केस में गिरफ्तार अखिल भारतीय बिश्नोई सभा के पूर्व प्रधान देवेंद्र बूड़िया को सोमवार को पुलिस ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद अदालत में पेशी हुई। इस दौरान मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपी देवेंद्र बूड़िया का पुलिस रिमांड की मांग की। मगर, कोर्ट ने रिमांड देने से मना कर दिया। सुनवाई के बाद फिर से आरोपी बूड़िया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले में बूड़िया पक्ष के एडवोकेट पवन रापड़िया का कहना है कि अब पुलिस की ओर से चालान किए जाने का इंतजार है। इसके बाद आगामी कार्रवाई हो सकेगी। पुलिस ने रिमांड के लिए एप्लीकेशन दायर की थी, जो कोर्ट ने डिसमिस कर दी।

#### जोधपुर से हुई थी गिरफ्तारी

बता दें कि, 29 जून को हरियाणा स्टेट क्राइम ब्रांच ने देवेंद्र बूड़िया को जोधपुर से गिरफ्तार किया था। अगले दिन कोर्ट में पेश किया था। उस समय पुलिस ने बूड़िया का रिमांड मांगने की चर्चा थी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। उस दिन पेशी के दौरान बूड़िया की तबीयत भी बिगड़ गई थी। इस बार पेशी के दौरान पुलिस ने रिमांड मांगा, परंतु नहीं मिला। बता दें कि देवेंद्र बूड़िया पर गत 24 जनवरी को आदमपुर थाने में 20 वर्षीय युवती ने रेप केस दर्ज करवाया था।



### शिवालय धाम में श्रद्धालुओं का लगा तांता

**बरवाला।** सावन महीने के पहले सोमवार को सरहेडा बनभौरी मार्ग पर स्थित प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम बरवाला में सारा दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम कमेटी के पदाधिकारी संजय सिंगला और मुकेश सिंगला ने बताया कि इन श्रद्धालुओं ने प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। इस दौरान इन श्रद्धालुओं ने बम बम भोले और हर हर महादेव के जयघोषों से प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम को गुंजा दिया। इस अवसर पर पुरोहित सचिन शर्मा कौशिक, रतन सैनी, राजेश सैनी, सुरेश मेहंदीरता, मुकेश सिंगला, डॉक्टर रामफल सोनी, अमन आहूजा, प्रवीण गोयल, मोनू सांखला, राजकुमार सरदाना, मोहित कंसल, शीलू व मदन कंसल समेत सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## सातवें दिन भी नहीं करवाया गणेश का पोस्टमार्टम, परिजनों ने जारी रखा धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत नगर में डीजे विवाद मामले में नागरिक अस्पताल में चल रहा धरना सोमवार को भी जारी रहा। धरने पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग पहुंचे और पीड़ित परिवार को समर्थन दिया। बजरंग गर्ग ने कहा कि गणेश की मौत की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। पीड़ित परिवार को मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को पीड़ित परिवार की समस्या का तुरंत प्रभाव से हल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 8 दिनों से पीड़ित परिवार सिविल अस्पताल में धरने पर बैठे हैं मगर सरकार पीड़ित परिवार की सुनवाई तक नहीं कर रही है। इस अवसर पर कुलदीप कागडा, तारा चन्द बलियाली, कमल भनभौरी, दिनेश सरसद, मुकेश चौहान, भारत कुमार, मास्टर रणधीर, अशोक मौजूद रहे।

#### हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जाए जांच : गर्ग



**हिसार।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग धरने को सम्बोधित करते हुए।

### लाल डोरा प्रॉपर्टी सर्वे व प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन को लेकर निगमायुक्त ने ली बैठक

# लाल डोरा प्रॉपर्टी सर्वे को 4 टीम बनाई, मालिकाना हक जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाल डोरे के सर्वे व प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफिकेशन को लेकर निगमायुक्त नीरज ने नगर निगम के मुख्य सभागार में प्रॉपर्टी शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण, भूमि अधिकारी प्रवीण बेनीवाल, कानूनगो होशियार सिंह राणा सहित प्रॉपर्टी टैक्स शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे।

हरियाणा सरकार की स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरे में आने वाली प्रॉपर्टी मालिक को मालिकाना हक देने के लिए संपत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे है। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 10 हजार प्रॉपर्टी लाल डोरे में आती है।

जिनका सर्वे चल रहा है। सर्वे के बाद इन प्रॉपर्टियों के संपति प्रमाण पत्र जारी कर सम्पति मालिक को मालिकाना हक दिया जाएगा। निगमायुक्त नीरज ने शहरवासियों से अपील की सर्वे टीम का सहयोग करे और सर्वे के लिए आवश्यक दस्तावेज दिखाकर सर्वे करने में कर्मचारियों का सहयोग करें ताकि हरियाणा सरकार द्वारा जारी योजना के संपति प्रमाण पत्र दिए जा सके। निगमायुक्त ने लाल डोरे सर्वे के लिए 4 टीमें गठित की है। हर टीम को एक-एक हजार प्रॉपर्टी सर्वे का लक्ष्य दिया गया है।



**हिसार।** लाल डोरा प्रॉपर्टी सर्वे व प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन को लेकर बैठक करते हुए निगमायुक्त नीरज

#### सर्वे के एक दिन पहले सर्वे क्षेत्र में मुनादी

निगमायुक्त ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी शेड्यूल बनाकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि सर्वे के एक दिन पहले सर्वे क्षेत्र में मुनादी करवाई जाएगी। लाल डोरा प्रॉपर्टी धारक मुनादी के उपरांत अपनी-अपनी प्रॉपर्टी संबंधित दस्तावेज तैयार रखे। ताकि टीम को सर्वे के दौरान पूरे दस्तावेज मुहैया कर सके। जिससे कार्य करने में आसानी होगी और आपको जल्द से जल्द लाल डोरे प्रॉपर्टी के संपति प्रमाण पत्र जारी किए जा सकें।

### 40 हजार प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन नहीं



निगमायुक्त ने बताया कि 40 हजार प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन नहीं हुई है जिसको लेकर 2 टीमों का गठन किया गया है। जिसमें हर टीम में 30 कर्मचारी होंगें। जो पूरे शहर में प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य करेंगें। हर टीम को महीने में लगभग एक हजार प्रॉपर्टी सेल्फ सर्टिफिकेशन करने का लक्ष्य दिया गया है। निगमायुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि जब भी आपके पास नगर निगम के कर्मचारी सेल्फ सर्टिफिकेशन के लिए आए तो उनको सहयोग करें और अपनी प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाइड करवाकर सुरक्षित करें।

## 16 को प्रदेश के सभी निजी स्कूल बंद करने का ऐलान

■ प्रिंसिपल जगबीन पानू की हत्या के विरोध में प्राइवेट स्कूल संघ ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव बास में करतार मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर पानू की हत्या के विरोध में प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा ने 16 जुलाई को प्रदेशभर के सभी प्राइवेट स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया है। बंद में एचबीएसई और सीबीएसई से जुड़े स्कूलों की सभी यूनियनों ने हिस्सा लेंगी। इस दौरान सभी जिलों के उपायुक्तों को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। यह जानकारी सोमवार को हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कूंडू ने पत्रकारों से बातचीत में दी। प्रदेशाध्यक्ष कुंडू ने सरकार से मांग की है कि प्रिंसिपल को शहीद का दर्जा दिया जाए और उनके परिवार को सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आजकल शिक्षकों में डर का माहौल है कि बच्चों को कुछ कहने पर कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। उन्होंने शिक्षकों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने की मांग की है।

### 10 जुलाई को प्रिंसिपल की हत्या हुई थी

बता दें कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन बास गांव में करतार मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर पानू चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। हत्या के विरोध में प्राइवेट स्कूल संचालक एकजुट हुए और अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा था। हत्या के मामले में पुलिस ने 11 जुलाई को चार नाबालिग आरोपियों को मुंढाल बस स्टैंड से गिरफ्तार कर 12 जुलाई को बाल सुधार गृह भेज दिया था।

हरिभूमि सहेली

रोहतक, मंगलवार
15 जुलाई 2025




सावन विशेष

# लोकरंग में बसा सावन

आ गया सुहाना सावन, मन को मोहने वाला सावन। सावन में रिमझिम बारिश और चहुंओर फैली हरियाली के बीच मन मयूर बनकर थिरक उठता है। एक नहीं अनेक रंग हैं सावन के। सावन की सिर्फ प्राकृतिक ही नहीं, धार्मिक महत्ता भी है। सावन में हम शिवजी की आराधना करते हैं। संपूर्ण परिवार के लिए मंगल कामना करते हैं।

आवरण कथा

अलका 'सोनी'

सावन शुरू होने का अर्थ है-गर्मी की भीषण तपन के बाद बारिश की शीतल फुहारों से राहत, चारों ओर बिखरी मनोहारी हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट। कहते हैं, सावन में संसार के पालन का दायित्व भगवान शिव को सौंप दिया जाता है। उन्हें यह दायित्व सौंप कर श्रीविष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इस तरह सावन का एक धार्मिक महत्व भी है।

## सावन में शिव उपासना का विशेष महत्व

सावन में शिव की आराधना होती है, इसका विशेष महत्व है, क्योंकि मां पार्वती ने भगवान शिव को वर रूप में पाने के लिए सावन माह में निराहार रहकर कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें मनचाहा वरदान दिया। इसलिए सावन के महीने में शिव भक्त व्रत रहकर, अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए सोमवार को शिवजी पर जलाभिषेक करते हैं। सुहागिनें भी सावन के महीने में हरी चूड़ियां, हरी साड़ी पहन कर शिवजी की पूजा करती हैं। अपनी संतान, घर-परिवार और अपने सुहाग के कल्याण के लिए वरदान मांगती हैं। इस तरह बारहों महीने में सावन का विशेष महत्व है।

## हर्षोल्लास का माहौल

सावन के आते ही प्रकृति ही नहीं वरन जीवन हरा-भरा हो उठता है। बागों में झूले पड़ जाते हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, सोलह श्रृंगार करके अपनी साखियों के साथ झूला-झूलती हैं। साथ ही रिमझिम फुहारों का भी आनंद लेती हैं। माहौल बहुत ही हर्षोल्लासमय हो जाता है।



## सावन के झूले

सावन में जगह-जगह पेड़ों पर झूले पड़ते हैं। झूला झूल कर मन प्रफुल्लित-उमंगित हो उठता है। किसी भी वजह से अगर आपको तनाव है तो झूला झूलना आपके लिए बेहतर उपक्रम है। झूला झूलने से बॉडी में हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं, जो मन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, हमें तनाव से उबारते हैं।

## दंपती भरते हैं प्यार की पेंगे

सावन में प्रिय से मिलन और उनके साथ झूला झूलने की भी रीति है। सावन माह में रिमझिम बारिश के बीच पेड़ों पर डले झूलों की पेंगें दंपती के बीच प्रेम बढ़ाती हैं। झूलों की पेंगें पति-पत्नी को एक अलग ही खुशनुमा एहसास देती हैं। झूले पर बैठी पत्नी यही चाहती है कि उसका पति उसे झुलाए और दोनों ही सावन का भरपूर आनंद लें।

## सावन में कजरी की मधुरता

सावन आते ही लोकगीत कजरी की बहार आ जाती है। शहर में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के आयोजन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धान रोपती महिलाएं और झूलों पर पेंगें भरती युवतियां कजरी गाती हैं- *'हिंडलवा लागल हइ कदमवा भौजी/ चलहु झूले न पियवा सावन में विदेशवा ननदो, हिंडोलवा भावे न आवइ पानी के छिटकवा भौजी।'* आदि गीतों से ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ अलग ही छटा बिखरती है। कजरी लोकगीत ही ऐसा है, जिसे सुनने मात्र से तन-मन रसरंग में भीग उठता है। कजरी गीतों में वर्षा ऋतु के साथ प्रेम का वर्णन भी मिलता है। गायिका स्वाति निरखी कहती हैं, 'कजरी की शुरुआत देवी स्तुति से होती है। विरह वेदना के वर्णन के अलावा श्रंगार कजरी, बारहमासा कजरी, चौमासा कजरी, ननद-भाभी और सास के रिश्ते में छेड़छाड़ को लेकर बनी कजरी भी खूब प्रचलन में है।'

## सावन के लोकरंग

सावन हमारे लोक-रंग में रचा-बसा है। इसके आने का इंतजार हम बेसब्री से करते हैं। करें भी क्यों ना, यह हरियाली की सौगात जो लेकर आता है, साथ में लेकर आता है ढेर सारे



त्योहार। इन्हीं दिनों आती है हरियाली तीज, गुड़िया और भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन। इन्हीं दिनों पानी भरे खेतों में रोपाई के लिए जाते कृषक भी दिखते हैं, तो कजरी गाती अल्हड़ युवतियों की सुरीली आवाज एक अलग समां बिखेरती है। हरी-भरी धरती पर बहते पानी में छपक-छपाक करते नटखट बच्चे भी दिखते हैं। इस तरह सावन अपने साथ जीवन के कई रंग लेकर आता है। हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है।

*आप सभी को सावन की मंगलकामनाएं...*



### हाथों में रचती है मेहंदी

सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा है। ऐसा कहा जाता है कि महिला के हाथों पर मेहंदी का रंग जितना गहरा होता है, उतना ही पति का प्यार उसे मिलता है। मेहंदी लगाने से न केवल हाथ खूबसूरत लगते हैं, यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मेहंदी की महक और रंग इंसान के तनाव को कम करते हैं। मेहंदी की तासीर ठंडी होती है। भीषण गर्मी के बाद सावन के महीने में मेहंदी लगाने से शरीर को शीतलता मिलती है।

# रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद

रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद रिश्ता कोई भी हो, आपस में संवाद बहुत जरूरी है। इससे कभी कोई लतफहमी या मनमुटाव नहीं होता। आपसी संवाद से दूरी बढ़ जाती है। निरंतर संवाद से रिश्ते मधुर ही नहीं होते, मजबूत भी होते हैं।

सलाह

विजय सिंह चौहान



जहां रिश्तों की बुनियाद प्रेम-स्नेह पर टिकी होती है, वहीं इसे मजबूती और स्थायित्व आपसी संवाद देते हैं। संवाद वह अदृश्य डोर है, जो हमें आपस में बांधे रखती है, दूरियां नहीं बनने देती। जब आपस में संवाद नहीं रहता तो गलतफहमियां जन्म लेने लगती हैं, दूरियां बनने लगती हैं। रिश्तों की नींव दरकने लगती है।

## फैलता आभासी दुनिया का संजाल

आज के दौर में हमने तकनीक से भले ही नजदीकियां बनाई हैं, लेकिन सिर्फ इसी माध्यम से प्रेमपूर्वक रिश्तों में बंधे रहना मुश्किल है। आभासी दुनिया के इस संजाल से भले हम पूरी दुनिया से जुड़ रहे हों, लेकिन अपनों से कटते जा रहे हैं। एक ही घर में रहने वाले सदस्य अपने-अपने कमरों में बंद मोबाइल और लैपटॉप में उलझे रहते हैं। हंसी-ठहाके, शिकवे-शिकायतें, सवाल-जवाब, सुझाव और सलाह परिवारों में अब कम दिखती है। परिवार में आपसी संवाद अब मौन हो गए हैं।



## संवादों के अभाव में बन जाती हैं दूरियां

'कैसे हो?' यह आमने-सामने बैठकर पूछने के बजाय लोग व्हाट्सएप पर पूछ रहे हैं। मिलकर बैठकर बात करना, समय की बर्बादी समझा जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि रिश्तों में दूरियां तब आती हैं, जब आपस में बातचीत ना हो। अकसर देखा गया है कि किसी से मनमुटाव का कोई बड़ा कारण नहीं होता, बस कोई छोटी सी बात होती है, लेकिन हम चुप्पी साधे रहते हैं और फिर संवादों के अभाव में दूरियां बन जाती हैं। चुप्पी संबंधों को भीतर ही भीतर खोखला कर देती है। अंततः संबंध बिखर जाते हैं, जबकि संवादों के माध्यम से संबंध सहेजे जा सकते थे।

## संवाद कायम करते हैं भरोसा

कहते हैं, संवाद केवल शब्द नहीं, भरोसे की भाषा होते हैं। इसमें सिर्फ बोलना ही नहीं, सुनना और समझना भी शामिल होता है। जब हम किसी की बातें ध्यान से सुनते हैं, जरूरत के मुताबिक सही सलाह देकर उसका संबल बनते हैं तो दो दिलों के बीच भरोसे का एक गहरा रिश्ता बनता है।

अकसर जब रिश्तों में मनमुटाव आता है, हम सोचते हैं, 'हर बार पहल मैं ही क्यों करूं?' या 'उसे जरूरत होगी तो वह खुद संपर्क करेगा।' यह सोच धीरे-धीरे रिश्तों को बिखेर देती है। कभी-कभी बिखरे मोती समेटने के लिए झुकना पड़ता है। रिश्तों में झुकना कमजोरी नहीं, एक बड़प्पन है। एक छोटा-सा संवाद 'कैसे हो?' किसी के सूने मन को झंकृत कर सकता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, रिश्तों में सहज संवाद को स्थान दें। इसलिए कभी-कभी अपनों के लिए फोन उठाइए और बिना किसी औपचारिकता के बात करें। उससे बात करने के लिए घर भी पहुंच जाएं। अपने घर में भी भोजन करते समय मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखें, अपने परिवार के साथ दिनभर की बातें साझा करें, पति/पत्नी के मन की सुनिए, बच्चों की जिज्ञासाओं पर ध्यान दें ताकि वे अपने मन की बातें आपके सामने खुलकर करें। आप भी उनको आवश्यतानुसार अपना मार्गदर्शन दे सकें। इस तरह के प्रयास और दिल से बोले संवाद रिश्तों को हमेशा मधुर बनाए रखते हैं। तो अपनों से संवाद बनाए रखें, रिश्ते सहेज कर रखें।

वास्तु सलाह

अनीता जैन, वास्तुविद

अगर वास्तु नियमों का ध्यान रखा जाए और उसके अनुसार घर की सजावट की जाए तो समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहती है। इसके लिए किन उपायों पर अमल करना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

# घर की सजावट में वास्तु संतुलन बनी रहेगी सकारात्मक ऊर्जा

वास्तु शास्त्र केवल घर-ऑफिस बनवाते समय दिशाओं के निर्धारण या निर्माण तकनीकों तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह हमारे जीवन के अनेक पहलुओं को प्रभावित करने वाली ऊर्जा का विज्ञान भी है। घर में रखी प्रत्येक वस्तु, चाहे वह सजावटी सामान हो, फर्नीचर हो या घरेलू उपकरण, हमारे अवचेतन मन पर गहरा प्रभाव डालती है। यदि इनका स्थान और चयन वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप हो, तो जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और उत्साह बना रहता है। आइए जानें कि इंटीरियर डेकोरेशन के माध्यम से किस प्रकार हम अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बनाए रख सकते हैं।



**प्रवेश द्वार हो ऐसा:** घर के प्रवेश द्वार को वास्तु में अत्यंत शक्तिशाली क्षेत्र माना जाता है। यह न केवल आगंतुकों और मेहमानों पर अच्छा प्रभाव छोड़ता है, बल्कि यहीं से घर के भीतर ऊर्जा का प्रवाह आरंभ होता है। इसलिए इस क्षेत्र को सदैव स्वच्छ रखें और यहां शुभ प्रतीक जैसे



स्वास्तिक, ॐ, कलश, घंटी, शंख, मछलियों का जोड़ा या आशीर्वाद मुद्रा में गणेश जी की तस्वीर लगाना शुभ माना गया है। फूलों का तोरण, विशेष तौर पर ताजे या कृत्रिम साफ-सुथरे फूलों से बना, द्वार को आकर्षक और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाता है।

**सजावट में शुभता-सौम्यता:** घर की दीवारों पर लगाई गई तस्वीरें या शोपीस हमारे मनोभावों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। युद्ध, खंडहर, सूखे पेड़ या हिंसक जानवरों की छवियां घर में अशांति ला सकती हैं। इसके विपरीत दौड़ते हुए घोड़े की तस्वीर (पूर्व या उत्तर-पश्चिम में), हाथी (उत्तर या दक्षिण में) और गाय की तस्वीरें (पूर्व या दक्षिण-पूर्व में) सकारात्मक ऊर्जा, यश और शांति को आमंत्रित करती हैं।



**पौधों से आती है ताजगी-समृद्धि:** ड्रॉइंग रूम में उत्तर या पूर्व दिशा में मनीप्लांट, बैंबू बंच या छोटे इंडोर पौधे लगाने से वातावरण में ताजगी और घर में समृद्धि बनी रहती है। इस स्थान पर सूखे, कांटेदार या बोंसाई पौधों को लगाने से बचना चाहिए क्योंकि ये अवरोधक ऊर्जा का प्रतीक होते हैं। घर की उत्तर दिशा में लहलहाते खेत या जंगल का चित्र कार्य में सफलता और धन वृद्धि लाने में सहायक होता है।

**देवस्थान और प्रकाश का संतुलन:** उत्तर-पूर्व दिशा को पूजा, ध्यान और प्रार्थना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। बेहतर होगा इस स्थान पर अपने ईष्टदेव की तस्वीर या प्रतिमा लगाएं। दिवंगत परिजनों की फोटो दक्षिण-पश्चिम में और गुरु की तस्वीर पश्चिम दिशा में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवाह होता है। घर में प्रकाश की व्यवस्था भी संतुलित होनी चाहिए। रोशनी की सही मात्रा, घर में ऊर्जा को संतुलित करती है।

### इन उपायों से घर बनेगा ऊर्जावान



- बेडरूम में दो हंसों या लव बर्ड्स का शोपीस या राधा-कृष्ण की तस्वीर उत्तर दिशा में लगाएं।
- रसोई में गैस स्टोव दक्षिण-पूर्व और पानी का कलश उत्तर-पूर्व दिशा में रखें।
- ईशान कोण में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित जल अर्पण करें और दीपक जलाएं।
- उत्तर, ईशान और पूर्व दिशा में हल्के सामान जबकि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम दिशा में भारी फर्नीचर रखें। परदों के रंग भी दिशाओं के अनुसार तय करें।

केयर

डॉ. सरोज राय, डर्मेटोलॉजिस्ट

# तब बारिश में नहीं होगी स्किन-हेयर प्रॉब्लम

बहुत सी महिलाएं रेनी सीजन में फेस पर होने वाले पिंपल्स और पिगमेंटेशन से परेशान हो जाती हैं तो कई महिलाओं को हेयर फॉल का भी सामना करना पड़ता है। इन दोनों सीजनल प्रॉब्लम्स से राहत पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।



**न छोड़ें सनस्क्रीन लगाना:** कई महिलाएं सोचती हैं कि सनस्क्रीन केवल तेज धूप के दिनों में ही लगानी चाहिए। सच्चाई तो यह है कि जब आसमान में बादल छाए रहते हैं, यानी बरसात के दिनों में भी सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणें (यूवी रेज) नुकसानदेह साबित होती हैं। मौसम चाहे जो भी हो, कम से कम 30 एसपीएफ का सनस्क्रीन आपको अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए।

**करें स्कैल्प की सफाई:** पसीने और वातावरण में मौजूद नमी के कारण सिर की त्वचा में इंफेक्शन या डेंड्रफ की प्रॉब्लम हो सकती है। इनसे बचने के लिए बारिश के दिनों में नियमित तौर पर किसी माइल्ड शैंपू से बालों को साफ करें। बारिश में भीग जाएं तब भी बालों को साफ कर पॉल्यूटेंट्स और बारिश का पानी हटा लें। सिर की त्वचा यानी स्कैल्प को साफ रखना फंगल इंफेक्शन और दूसरी समस्याओं से बचाव करता है।

**क्रीम-ऑयली प्रोडक्ट का यूज:** हैवी गाढ़ी क्रीम और ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल मानसून के नमी वाले मौसम में त्वचा के पोर्स को बंद कर सकता है। इनकी जगह लाइट वेट क्रीम नॉन कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर और सीरम का उपयोग किया जाना चाहिए, जो त्वचा को बिना चिपचिपा किए नमीयुक्त रखता है।



**ना हो हाइड्रेशन की कमी:** हालांकि इस मौसम में वातावरण में अधिक नमी महसूस होती है, लेकिन आपकी त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेटेड रखना भी जरूरी होता है। इसके लिए सुनिश्चित करें कि आप इस मौसम में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अपने आहार में पानीयुक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी त्वचा को पूरे दिन तरोताजा बनाए रखने के लिए हाइड्रेटिंग फेशियल मिस्ट का उपयोग भी कर सकती हैं।

**स्किन रखें ड्राय:** बारिश में भीगने के बाद फंगल इंफेक्शन और त्वचा की जलन से बचने के लिए इसे ठीक से सुखाना जरूरी है। खासतौर पर जांघों, अंडर आर्म्स की स्किन को ड्राय रखने पर विशेष ध्यान दें।

**अधिक एक्सफोलीएशन से बचें:** बेशक स्क्रबर, डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करती है, लेकिन इसके अधिक उपयोग से आपकी त्वचा से आवश्यक तेल निकल सकता है। मानसून के दौरान महीने में एक या दो बार तक ही स्क्रबर का उपयोग करें। इस मौसम में चटपटे व्यंजन अधिक ना खाएं।

**प्रस्तुति: चेतना झा**

योगोपचार

कौशल किशोर, योगाचार्य

कई महिलाएं और लड़कियां, पीरियड्स के दौरान पेट दर्द, थकान, सिर दर्द या मूड स्विंग से परेशान रहती हैं। इन प्रॉब्लम्स से राहत के लिए आप कुछ योगसनों का अभ्यास कर सकती हैं। यहां कुछ ऐसे ही योगसनों की विधि के बारे में बताया जा रहा है।

# पीरियड्स के दौरान उपयोगी हैं ये योगासन

पहले के दौर में ऐसी धारणा थी कि पीरियड्स के दौरान कोई भी वर्कआउट या योगासन नहीं करना चाहिए। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने स्टडी के द्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि कुछ योगासन करने से पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से आराम मिल सकता है। हम आपको यहां कुछ ऐसे ही उपयोगी आसनों के बारे में बता रहे हैं।

**वज्रासन:** सबसे पहले दरी या योगासन मैट बिछा लें। उसके बाद अपने घुटनों को मोड़कर एड़ियों पर बैठ जाएं। दोनों एड़ियों को एक-दूसरे से थोड़ा अलग रखें और अपने दोनों पंजों पर नितंब को टिकाएं। इस दरम्यान पीठ, गर्दन और अपने सिर को सीधा रखें और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। यह ध्यान रखें कि हथेलियां नीचे की ओर रहें। अपनी आंखें बंद करें और धीरे-धीरे सांस लें फिर छोड़ें। फिर 5 से 15 मिनट तक इसी स्थिति में रहें। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत मिलेगी।



वज्रासन



शशांक आसन

**शशांक आसन:** इसके लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं। अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और कानों के पास सीधा रखें। धीरे-धीरे अपनी सांस को छोड़ते हुए आगे की ओर झुकाएं और माथा जमीन से लगाएं। अपने हाथ को भी सामने जमीन पर ही रखें। पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें और कुछ समय इसी स्थिति में रहें। सांस लेते हुए वापस वज्रासन की स्थिति में आ जाएं।

**भ्रामरी प्राणायाम:** इसे करने के लिए सुखासन, पद्मासन या वज्रासन में रीढ़ को सीधा करके बैठ जाएं। आंखें बंद कर अपने शरीर को एकदम शांत करें। अपने दोनों हाथों की पहली अंगुली को माथे पर रखें। मध्यमा अंगुलियों से आंखों को बंद करें। अनामिका से नाक के पास गालों को हल्का दबाएं और अंगूठों से दोनों कानों को बंद करें। गहरी सांस लें और सांस को छोड़ते हुए भौंरें जैसी आवाज करें। यह प्रक्रिया 5 से 10 बार दोहराएं।

**मेरुवक्रासन:** योगा मैट पर सीधा बैठ कर पैर आगे की ओर फैलाएं। अपने बाएं पैर को मोड़कर उसका तलवा दाएं घुटने के पास रखें। दायां हाथ बाएं घुटने के बाहर रखें और बाएं हाथ को पीछे जमीन पर टेक लगा दें। अपनी रीढ़ को सीधा रखते हुए धीरे-धीरे धड़ को बाईं ओर मोड़ें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद वापस धीरे से आ जाएं। अब यही प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।



**ताड़ासन:** ताड़ासन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों पैरों को एक साथ मिलाएं। अपने हाथों और पीठ को सीधा रखें। सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाएं। उस समय हथेलियां आपस में जुड़ी हुई रहनी चाहिए। अब अपनी एड़ियों को उठाकर पंजों के बल खड़े हो जाएं और अपने पूरे शरीर को ताड़ के पेड़ की तरह ऊपर की ओर खींचें। थोड़ी देर इस स्थिति में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस आ जाएं।

इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इसे अच्छी तरह सीख लें।

**प्रस्तुति: संध्या रानी**

## खबर संक्षेप

### श्री श्याम वंदना महोत्सव को लेकर बैठक में चर्चा

**हिसार।** श्री श्याम शरण समिति की कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी कुलदीप ग्रोवर ने बताया कि बैठक में आगामी 26 अक्टूबर हिसार में तृतीय श्री श्याम वंदना महोत्सव की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। यह कार्यक्रम पुराना गवर्नमेंट कॉलेज में आयोजित होगा। राजेश बंसल ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति के सदस्यों की ड्यूटी लगाई और सभी प्रबंधों की सूची बनाकर उस पर कार्य करने का निर्णय लिया गया।

### श्याम बाबा के दरबार में भक्तों ने मांगी मन्नत

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में आयोजित किए गए श्याम बाबा संकीर्तन के लिए दरबार को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी और अपने कष्टों के निवारण की कामना की। इस अवसर पर गायकों ने भजनों के माध्यम से समां बांध दिया। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने भी भजन गाकर अभिभूत कर दिया। सच्चे मन से आराधना करने वाले और अर्जी लगाने वाले श्रद्धालुओं की बाधाओं को श्याम बाबा अवश्य दूर करते हैं।

### श्रीकृष्ण कृपा मंदिर में आम उत्सव मनाया

**हिसार।** विकास नगर स्थित श्रीकृष्ण कृपा मंदिर में श्रीश्री कृपा बिहारी लाल का आम उत्सव उत्साह से मनाया गया। उत्सव में जन्म-जन्म का साथ है गुरु देव हमारा, गुरु देव हमारा, अगर न मिलते इस जीवन में, लेते जन्म दोबारा.... बड़े भाव से गाया गया। श्रीकृष्ण कृपा मंदिर के रसिकों, विजय महाजन, कुशल महाजन, राधिका ढींगरा, अमित मुंजाल, प्रवीण अग्रवाल, संजय ढींगरा, विनोद वलेचा सहित अनेक भजन गायकों के ठाकुरजी को अपने भजनों से रिझाया। उत्सव में श्रीश्री कृपा बिहारी लाल का विभिन्न आमों से आकषर्क बंगला बनाया गया, जिसे निहारने के लिए भगत दूर-दूर से आये।

### शिक्षाविद् डॉ. गुंजन को नारी शक्ति सम्मान



**हिसार।** शिक्षाविद् एवं समाज सेविका डॉ. गुंजन गोयल को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों व समाज में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए आर्ट एवं मैजिक यूनिवर्सिटी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक कार्यक्रम मे बेस्ट अचीवर अवार्ड के तहत नारी शक्ति सम्मान 2025 से नवाजा गया। चेयरमैन सीपी यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम मे पूरे देश के अलग अलग राज्यों से उत्कृष्ट कार्यक्रम करने वालों को सम्मानित किया गया है। पूरे हरियाणा से इस विशेष सम्मान के लिए डॉ गुंजन गोयल को चयनित किया गया है। अपनी उपलब्धियों का श्रेय डॉ. गोयल ने अपने माता पिता द्वारा दिये गए संस्कार और अपने परिवार के सहयोग को दिया।

### सीए बीसी गोयल की पुस्तक का विमोचन



**हिसार।** सीए बीसी गोयल द्वारा लिखित पुस्तक फ्रॉम बेयरफुट टू बैलेंस शीट का विमोचन किया गया। चंडीगढ़ में आयोजित विशेष समारोह में आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए चरणजोत सिंह नंदा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल, सचिव सीए मुकुल मित्तल, सीए अखिल गोयल व पुत्रवधू सीए कीर्ति गोयल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि सीए चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि इस पुस्तक में सीए बीसी गोयल ने संस्मरणों को बखूबी शब्दों में पिरोया है। इस पुस्तक को पढ़कर अन्य सीए को भी काफी सीखने का अवसर मिलेगा।

---

आॅल इंडिया गर्ल्स प्री नेहरू कप हॉकी टूर्नामेंट का समापन

# मेजबान विद्या देवी जिंदल स्कूल बना हॉकी में चैंपियन

■ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंद्र कुलकर्णी ने विजेता टीमों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल में चार दिवसीय ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-14 एवं अंडर-17 गर्ल्स प्री नेहरू कप हॉकी टूर्नामेंट का समापन समारोह आयोजित किया गया। दोनों ही वर्गों में मेजबान विद्या देवी जिंदल स्कूल की टीमें चैंपियन रहीं। अंडर-14 श्रेणी में विद्या देवी जिंदल स्कूल ने निर्धारित समय के उपरांत पेनल्टी शूट में मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल को 2-1 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। इस श्रेणी में तृतीय स्थान पर लॉरेंस स्कूल, ऊटी की टीम रही। अंडर-17 श्रेणी में विद्या देवी जिंदल स्कूल ने डेली कॉलेज, इंदौर, को 2-1 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। तृतीय स्थान पर कित्तूर रानी चन्नम्मा आवासीय सैनिक स्कूल, कित्तूर की टीम रही। विजेता टीमों को समारोह के मुख्य अतिथि अति विशिष्ट सेवा मेडल लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंद्र कुलकर्णी ने सम्मानित किया। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों ने पौधा भेंटकर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंद्र कुलकर्णी का अभिनंदन किया।




**हिसार।** विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंद्र कुलकर्णी व प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों।

### देवांगी बनी सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

अंडर-14 श्रेणी में बेस्ट गोलकीपर देवांगी दत्ता, बेस्ट डिफेंडर इशीता, बेस्ट प्लेयर चित्रांगदा, बेस्ट अटैकर अलाया एवं बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार पायस को प्राप्त हुआ। अंडर-17 श्रेणी में बेस्ट गोलकीपर लक्षिता, बेस्ट डिफेंडर सहजप्रीत कौर, बेस्ट प्लेयर मैन्सी, बेस्ट अटैकर राधिका एवं बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार श्वेता को प्राप्त हुआ। विद्या देवी जिंदल स्कूल के अंडर-14 श्रेणी में 5 एवं अंडर-17 श्रेणी में 6 खिलाड़ियों का चयन एसजीएफआई नेशनल के लिए हुआ।

### देश में हॉकी का भविष्य सुनहरा : कुलकर्णी


मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंद्र कुलकर्णी ने अपने समापन भाषण में कहा कि हॉकी एक ऐसा खेल है जहां व्यक्तिगत खेल से अधिक टीम का एक साथ खेलना महत्व रखता है। आप सभी को इस प्रकार खेलते हुए देखकर लगता है कि निश्चित रूप से देश में हॉकी का भविष्य सुनहरा है। आप में से बहुत से खिलाड़ी आगे चलकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप भविष्य में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों, प्रशासक निखिल रुद्रा, समस्त विद्यालय परिवार एवं पर्यवेक्षक के रूप में आनंद सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

### ये स्कूल शामिल

इस आयोजन में प्रतिष्ठित विद्यालयों बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल, अजमेर, मॉडर्न स्कूल बाराखंबा, दिल्ली, कित्तूर रानी चन्नम्मा आवासीय सैनिक स्कूल, कित्तूर, पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा, डेली कॉलेज, इंदौर, हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट, लॉरेंस स्कूल, ऊटी, वाईपीएस मोहाली, वाईपीएस पटियाला एवं आयोजक विद्यालय विद्या देवी जिंदल स्कूल के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

---

# कॉफी बुक विश्वविद्यालय की अच्छी पहल : बंडारू



**हिसार।** गुजवि के छठे दीक्षांत समारोह की कॉफी बुक राज्यपाल को सौंपते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई

■ गुजवि के दीक्षांत समारोह की कॉफी बुक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयके छठे दीक्षांत समारोह से संबंधित एक कॉफी बुक प्रकाशित की गई है।

इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्यातिथि थी। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने इस कॉफी बुक का विमोचन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने राज्यपाल से राजभवन चंडीगढ़ में भेंट की। राज्यपाल दत्तात्रेय ने कॉफी बुक को सराहा तथा कहा कि यह विश्वविद्यालय की एक अच्छी पहल है। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने बताया कि इस कॉफी बुक में दीक्षांत समारोह से संबंधित हर गतिविधि को कवर किया गया है। गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ इस बुक में प्रकाशित किए गए हैं। कुलपति ने एक कॉफी बुक राज्यपाल को भेंट भी की। कुलपति ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी यह कॉफी बुक भेंट की जाएगी। कुलपति ने बताया कि राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अन्य गतिविधियों तथा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय की रैंकिंग तथा नए कोर्सों के बारे में भी राज्यपाल को बताया गया।

---

# दिव्यांग को कृत्रिम अंग देने के लिए लिया नाप

■ लोकहित मंच ने लगाया 7वां दिव्यांग जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा 7वें दिव्यांग जांच शिविर का किया आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक नरेन्द्र भयाणा भाईजी होटल एवं कपिल बंसल ने बताया कि चौपटा बाजार स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में आयोजित इस शिविर में भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित लाला देवी चंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला द्वारा दिव्यांग की जांच कर उनके कृत्रिम अंग हेतु नाप लिया गया। शिविर में 30 दिव्यांग जनों का चयन करके उनका नाप लिया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय सेवा प्रमुख कमलेश गर्ग, प्रदेश अनाज आढती एसोशियशन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार तायल, विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल एवं प्रबंधक पंडित रत्न लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संस्था के महासचिव मनमोहन तायल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम दिव्यांग शिविर के माध्यम से दिव्यांग बंधुओं के जीवन में कुछ अच्छा कर सके। संस्था के अध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया के नेतृत्व में शीघ्र ही वितरण शिविर का आयोजन कर जरूरतमंद दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग इत्यादि जरूरत का सामान वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में कमलेश गर्ग, रामअवतार तायल, प्रवीण बंसल, पंडित रत्न लाल शर्मा, विजेंद्र जांगड़ा, कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता, गौरव भारतीय, पुनीत गौड़, विपिन बाबा, आदि उपस्थित रहे।



**हांसी।** कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए दिव्यांग बच्ची का नाप लेते चिकित्सक।

---

# गतका चैंपियनशिप अंडर-11 में करनजोत रहा प्रथम

■ जिला स्तरीय गतका चैम्पियनशिप में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

लड़के व लड़कियों की जिला स्तरीय गतका चैम्पियनशिप बरवाला के हिंदी दी चादर गुरुद्वारा में संपन्न हुई जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गतका एसोसिएशन हिसार की अध्यक्ष रणजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में बलविंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

गतका हिसार एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र, करमजीत सिंह, इकबाल सिंह, रिछपाल सिंह आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अंडर-11 ब्वॉयज प्रथम करनजोत सिंह, सिंगल सोटी प्रथम रिषभ, अंडर-14 ब्वॉयज सिंगल सोटी प्रथम दीपक, द्वितीय कार्तिक, तृतीय महेश, अंडर-14 प्रथम विशांत, डेमोंसट्रेशन अंडर-14 प्रथम अमरेन सिंह, अंडर-14 फ्री सोटी प्रथम विशांत, अंडर- 14 लड़कियां व्यक्तिगत सिंगल प्रथम दीया, द्वितीय सोनाक्षी, तृतीय सोनाक्षी, अंडर- 14 टीम सिंगल सोटी प्रथम चेष्टा, द्वितीय निकिता, अंडर-17 लड़कियां सिंगल सोटी प्रथम मुस्कान, द्वितीय महक, तृतीय मनीषा रही। अंडर-17 सिंगल सोटी टीम प्रथम मुस्कान, द्वितीय महक, तृतीय मनीषा ,अंडर-17 ब्वॉयज सिंगल सोटी व्यक्तिगत प्रथम राहुल, द्वितीय पतवीर, तृतीय इशांत, अंडर-17 ब्वॉयज व्यक्तिगत प्रथम गुरतेज, अंडर-19 टीम फ्री सोटी बॉयज प्रथम शरणजोत सिंह, जगजोत सिंह द्वितीय। अंडर-19 व्यक्तिगत में प्रथम शरणजोत सिंह, अंडर-19 लड़किया सिंगल सोटी प्रथम रितु, द्वितीय गायत्री, तृतीय कोमल, अंडर-19 लड़कियां सिंगल सोटी टीम प्रथम रितु, गायत्री, कोमल, अंडर-25 सिंगल सोटी लड़कियां व्यक्तिगत प्रथम रवीना, द्वितीय सविता, तृतीय रिंकी, अंडर-25 सिंगल सोटी लड़कियां टीम प्रथम रवीना, रितु, सविता, रिंकी के नाम शामिल रहे।



**हिसार।** गतका चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ी मुख्यातिथि के साथ।

### अंडर-25 में सरिती प्रथम

अंडर-25 फ्री सोटी लड़कियां व्यक्तिगत प्रथम सरिती, द्वितीय प्रीति, अंडर-25 फ्री सोटी टीम लड़कियां प्रथम सरीती, प्रीति ,ज्योति, टीम इवेंट अंडर-25 डेमो लड़कियां व्यक्तिगत में प्रथम सविता, अंडर-30 लड़कियां सिंगल सोटी व्यक्तिगत प्रथम रेनू , अंडर-30 लड़कियां व्यक्तिगत में प्रथम कुसुम, अंडर-30 ब्वॉयज सिंगल सोटी व्यक्तिगत में मुकेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

---

# साधकों ने किया ध्यान साधना का अभ्यास



**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में ध्यान और उत्सव विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। साधकों को ध्यान की विभिन्न विधियों से अवगत करवाते हुए ध्यान साधना का अभ्यास भी करवाया गया। ध्यान सत्र के उपरांत मां सांची का जन्मदिवस भी मनाया गया। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने कहा कि ध्यान और उत्सव एक-दूसरे से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि विचारों से मुक्त होकर वर्तमान क्षण में पूरी तरह उपस्थित होने वाले इंसान का मन शांत और स्थिर हो जाता है। ऐसी स्थिति में इंसान अपनी सच्ची प्रकृति को समझ सकता है। निरंतर ध्यान का अभ्यास साधक को अपने भीतर गहरते उतरते हुए अलग अनुभूति का एहसास करवाता है। उन्होंने कहा कि उत्सव एक प्राकृतिक प्रवृत्ति है। गंभीरता से देखा जाए तो फूल, पत्ते, पौधे और समस्त प्रकृति उत्सव मनाती प्रतीत होती है। इंसान भी जब जागरूकता के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाता है तो उसका जीवन भी उत्सव में तब्दील हो जाता है। ध्यान और उत्सव मिलकर मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं। ध्यान सत्र के दौरान साधकों को ध्यान व उत्सव पर सतगुरु ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिला।

### निजी स्कूल वैन सड़क से नीचे गड्ढे में फंसी

**हिसार।** जिले के गांव सदलपुर गांव स्थित एक निजी स्कूल की बस सड़क से उतर गई और गड्ढे में फंस गई। इस दौरान बस का कंडक्टर साइड का शीशा भी टूट गया। जिस समय हादसा हुआ, उस दौरान बस में करीब 50 बच्चे सवार थे।

बताया जा रहा है कि सामने से एक रोडवेज बस आ रही थी, उसी के चलते स्कूल वैन का नियंत्रण बिगड़ गया। जानकारी के अनुसार स्कूल वैन सुबह खैरमपुर से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। तभी जाते समय बस सड़क से उतर गई। घटना की सूचना मिलते ही अभिभावक मौके पर पहुंच गए। कुछ अभिभावक अपने बच्चों को घर ले गए तो कुछ बच्चों को बाद में दूसरी वैन से स्कूल में भेजा गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। डायल 112 पर सूचना मिलते ही आदमपुर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से बस को गड्ढे से बाहर निकाल लिया गया है।

# सेवा संघ के पौधरोपण अभियान का शुभारंभ



**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ हिसार शाखा के तत्वावधान में अध्यक्ष विनोद गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय जिला जेल में मुख्य अध्यापक विजय बालान के मार्गदर्शन में बच्चों के साथ वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद गोयल ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा प्राकृतिक संतुलन काफी बिगड़ चुका है जिसका मुख्य कारण पेड़ों की कटाई, प्राकृतिक संसाधानों का अत्याधिक दोहन है। यह संतुलन तभी सही रह सकता है जब हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। हर व्यक्ति की जिम्मेवारी है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधे जरूर लगाए और उसका पालन-पोषण कर उसे पेड़ बनाए। इस अवसर पर सचिव संजीव राजपाल, कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग, संरक्षक संजय सेहरा, रंजीव राजपाल, विनोद वर्मा, विनोद सोनी, सह सचिव सतीश भुटानी, राजेंद्र अग्रवाल, नरेन्द्र ढल, यशपाल खेड़ा, अजय ग्रोवर, राजेंद्र मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---


## न्यूज डायरी

### दीपा जैन बनी तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष




**हिसार।** तेरापंथ स्थापना दिवस मुनिश्री रणजीत कुमार के सान्निध्य में तेरापंथ भवन कटला रामलीला में मनाया गया। इस अवसर पर मुनिश्री ने स्वामी के जीवन वृतांत पर प्रवचन किया। इसके उपरांत तेरापंथ महिला मंडल की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मंडल की सभी महिलाओं ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी। वर्ष 2025-27 के लिए नवगठित टीम में दीपा जैन ने अध्यक्षा, मंजु जैन ने मंत्री, सरोज जैन कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी में परामर्शक के रूप में सुमन जैन, रवि जैन, विजया जिंदल, योगिता जैन तथा संरक्षिका सुमनलता जैन, जयश्री जैन, स्नेह जैन, उपाध्यक्ष कुसुम जैन, प्रीति जैन, सहमंत्री रूबी जैन, कांता जैन, प्रचार प्रसार मंत्री सुनीता जैन तथा संगठन मंत्री के रूप में नीरू जैन ने शपथ ली। निवर्तमान अध्यक्ष जयश्री जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष और मंत्री को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया ।

### जीनियस के छात्रों ने प्रतियोगिता में लहराया परचम



**बरवाला।** राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हरियाणा गौरव पुरस्कार प्रतियोगिता के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस प्रतियोगिता में जीनियस हाई स्कूल, गांव खेड़ी बरकी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। स्कूल के मुख्याध्यापक नरेन्द्र सिंह सेठी ने बताया कि जूनियर वर्ग बी में कक्षा 6वीं की छात्रा यशिता ने 39 अंकों के साथ मैरिट नंबर 1 प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में कक्षा 10वीं के छात्रों पुनीत, शुभम, अंश व विक्रम सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मैरिट सूची में अपना स्थान बनाया। जूनियर वर्ग ए में हार्दिक और यश तथा अनुष्का ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वहीं, जूनियर वर्ग बी में दिव्या पुत्री कुलदीप ने भी मैरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में मैरिट प्राप्त सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रांगण में स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

---

विधायक ने नवविकसित ग्रीन बेल्ट का पौधरोपण कर उद्घाटन किया

# कुंदनापुर गांव तक सड़क निर्माण जल्द : विनोद

■ ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

म्हारी हरी भरी हांसी अभियान के तहत नई सब्जी मंडी के निकट विकसित की गई साढ़े 4 एकड़ लंबी ग्रीन बेल्ट का विधायक विनोद भयाना ने सोमवार को पौधा रोपण कर उद्घाटन किया। ग्रीन बेल्ट में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला परिषद के अध्यक्ष सोनू सिहाग डाटा, भाजपा नेता राजपाल यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने एक साथ 160 पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत हर व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने एसडीएम राजेश खोथ द्वारा उपमंडल क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपमंडल प्रशासन द्वारा शुरू किए गए म्हारी हरी भरी हांसी अभियान के तहत शहर में कई अन्य जगहों पर भी ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। कुंदनापुर गांव से नेशनल हाइवे तक सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। इस सड़क की चौड़ाई 12 फुट से बढ़कर 18 फुट होगी। इस सड़क के निर्माण कार्य पर लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होगी। डेढ़ किलोमीटर लंबाई की इस सड़क के निर्माण को लेकर टेंडर ओपन हो चुका है। अगले एक माह के अंदर इस सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।



**हांसी।** पौधरोपण कर ग्रीन बेल्ट का उद्घाटन करते विधायक विनोद भयाना व अन्य।

### 10 हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य : एसडीएम

एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि म्हारी हरी भरी हांसी अभियान के तहत 10000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी अभियान के अंतर्गत ही इस ग्रीन बेल्ट को भी विकसित किया गया है। खास बात यह है कि यहां पहले कूड़ा करकट पड़ा हुआ था। लगभग 60 ट्राली कचरा उठवाकर यहां ग्रीन बेल्ट विकसित की गई है। इसमें 160 पौधे रोपित किया जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट की कांटेदार तारों से फेंसिंग की गई है ताकि यहां रोपित पौधों को पशुओं से किसी प्रकार कोई हानि नहीं पहुंचे। अभियान के अंतर्गत अब तक 2500 पौधे रोपित करवाए जा चुके हैं। आगामी 31 अगस्त तक लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर दिनेश भूटानी, भाजपा अटल मंडल अध्यक्ष श्याम खाण्डा, प्राचार्य डॉ सुरेश गुप्ता, वन विभाग के उपमंडल अधिकारी रमेश कुमार, कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल, मार्केट कमेटी के सचिव अमित रोहिल्ला व अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बैडमिंटन के ट्रायल 20 को

**सिरसा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 20 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे द सिरसा स्कूल, सिरसा में 17, 19 वर्ष के लडक़े और लड़कियों तथा सीनियर वर्ग (एकल और युगल) के लिए टूर्नामेंट/ट्रायल आयोजित कर रहा है।

**सूचना**

मैं, विधया देवी पत्नी स्व. श्री भेरू निवासी गांव अग्रोहा तह. व जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरी पुत्री अनु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### निराश होकर लौटा प्रजापति समाज : भूपेन्द्र

हिसार। माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन भूपेंद्र गंगवा ने कहा है कि प्रदेश भर से प्रजापति समाज के लोग काफी संख्या में बड़ी उम्मीद से भिवानी पहुंचे थे कि मुख्यमंत्री उनकी मुख्य मांग का कोई न कोई समाधान करेंगे। समारोह में पहुंचे लोगों के मान सम्मान को उस समय ठेस पहुंची जब मुख्यमंत्री ने आवे पंजावे भूमि के मालिकाना हक का जिक्र करने की बजाय, कांग्रेस सरकार में जुलाई 2014 को जारी पत्र को रिपीट करने का काम किया है। भूपेंद्र गंगवा ने कहा की भाजपा नेताओं द्वारा प्रदेश भर में घूमकर इस मेहनती ईमानदार समाज को गुमराह किया गया व झूठा आश्वासन दिया गया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से इसका समाधान करवाया जायगा।

### मुख्यमंत्री की घोषणा से समाज में खुशी की लहर

हिसार। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री बीरबल स्वामी ने बताया कि रविवार को भिवानी में हुए राज्य स्तरीय गुरु दक्ष जयंती समारोह में भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने मंत्री रणबीर गंगवा को भी समारोह की सफलता पर बधाई दी। स्वामी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक बार फिर पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को मान सम्मान व महत्व देने का काम किया है। समारोह में मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने जो घोषणाएं की हैं, आने वाले 15 दिनों में प्रदेश के दो हजार गांवों में कुम्हार समाज को भूमि खसरा नंबर सहित दे दी जाएगी।

### समारोह की सफलता पर जताया आभार

हिसार। भाजपा नेता हनुमान वर्मा ने भिवानी में आयोजित राज्य स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को के सफल बनाने के लिए प्रजापति समाज के सभी सदस्यों, सहयोगी संगठनों और आमजन का आभार व्यक्त किया है। वर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्रियों द्वारा समारोह में प्रजापति समाज के कल्याण और उत्थान के लिए की गई ऐतिहासिक घोषणाओं के लिए धन्यवाद किया। वर्मा ने कहा कि यह समारोह प्रजापति समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। वर्मा ने कहा प्रजापति समाज के इस ऐतिहासिक समारोह ने हरियाणा में सामाजिक एकता और समरसता को और मजबूत करने का कार्य किया है।

### डीसीएम की अमृता का भारतीय हैंडबॉल टीम में चयन

उकलाना। गांव बिठमड़ा के डीसीएम स्कूल की छात्रा अमृता ने 11वीं एशियन यूथ वूमेन हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए आयोजित इंडिया कैंप में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिया टीम में जगह बना ली है। हैंडबॉल एसोसिएशन के मुख्य सचिव हेतराज ने बताया कि यह चैंपियनशिप 15 जुलाई से 24 जुलाई 2025 तक चीन में आयोजित की जाएगी और भारत की टीम अपना लोहा मनवा कर पहला स्थान प्राप्त करेगी।

स्कूल चेयरमैन संजय डीसीएम, भारत के मुख्य सचिव हेतराज, हरियाणा सचिव संदीप कोटिया, हिसार सचिव राजेश ग्रेवाल को अमृता को बधाई दी। स्कूल के डायरेक्टर राजू, प्रिंसिपल सुनील शर्मा ने अमृता को शुभकामनाएं दी।

# लाडवा की बेटी काफी सुंच का भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम में चयन

■ 18 से 26 जुलाई तक चीन में खेलेगी एशियन यूथ चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ग्राम लाडवा की होनहार हैंडबॉल खिलाड़ी काफी का चयन भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम में हुआ है। यह टीम 18 से 26 जुलाई 2025 तक चीन के जिंगगैंशन में आयोजित होने वाली 11वीं एशियन यूथ महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। काफी सुंच ने यह उपलब्धि गांधीनगर (गुजरात) स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय चयन शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हासिल की। यह चयन 11 जून से 15 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय शिविर में प्रदर्शन के आधार पर हुआ।



हिसार। हैंडबॉल खिलाड़ी काफी सुंच। फोटो : हरिभूमि

### काफी को इन्होंने दी बधाई

इस उपलब्धि पर खिलाड़ी काफी को बधाई देने वालों में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनंदेश्वर पांडे, जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, जिला पार्षद जसबीर जाखल, सरपंच रामफल पूनिया, प्राचार्या फूलवती लांबा, पूर्व सीनियर साई हैंडबॉल कोच रामस्वरूप चहल, पूर्व जिला खेल अधिकारी सतपाल ढांडा, मधु बाला, शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता प्रमेन्द्र मलिक, डीपीई कुलदीप नैन, शमशेर सिंह नंबरदार, रणबीर फौजी, मनोज भड़, कोच कृष्ण पूनिया, दीपक पंवार, सुरजीत पूनिया, गोशाला प्रधान आनन्द राज, प्रदीप लांबा, संदीप पूनिया, अजमेर सुंच, मनबीर शर्मा, प्रदीप जांगड़ा, विकास कुमार, अजय श्योराण आदि शामिल हैं।

काफी वर्तमान में हरियाणा सरकार के खेल विभाग द्वारा संचालित ग्राम पंचायत लाडवा हैंडबॉल नर्सरी में नियमित अभ्यास कर रही हैं। कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया ने बताया कि काफी ने बचपन से ही खेलों में विशेष रुचि दिखाई और अपने समर्पण, अनुशासन व कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे लाडवा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

### काफी के पिता एक किसान

काफी के पिता अनिल एक किसान हैं, जबकि उनके दादा रणबीर फौजी खेलों के प्रति हमेशा प्रेरणास्रोत रहे हैं। परिवार में उनकी दो बहनें और एक भाई हैं। कोचों, दादा-पिता के मार्गदर्शन व पूरे परिवार के सहयोग से काफी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई है। ग्राम पंचायत लाडवा के सरपंच रामफल पूनिया ने काफी को बधाई देते हुए कहा काफी ने सिद्ध कर दिया है कि गांव की बेटियां भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर सकती हैं।

### लाडवा के नवीन टीम के कोच

लाडवा हैंडबॉल खेल नर्सरी कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया ने बताया कि यह चैंपियनशिप एशियन हैंडबॉल फेडरेशन (एएचएफ) के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है और इसका आयोजन जनवादी गणराज्य चीन द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता 18 से 26 जुलाई चीन में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। विदित हैं कि लाडवा के नवीन भी इस टीम के कोच हैं।

## प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

# अधिवक्ता कल्सन व भाटला सामाजिक बहिष्कार पीड़ितों के समर्थन में प्रदर्शन

### दलित संगठनों ने लघु सचिवालय में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अधिवक्ता रजत कल्सन के घर पर हांसी पुलिस द्वारा रेड करने तथा उनके परिजनों को धमकी देने व सरकार द्वारा उनके दोनों फेसबुक अकाउंट बंद करने व भाटला सामाजिक बहिष्कार के पीड़ितों के गांव से पलायन करने के लिए मजबूर करने तथा उन्हें सरेआम धमकी देने के आरोपियों को गिरफ्तार न करने से क्षुब्ध दलित संगठनों ने सोमवार को शहर की सड़कों पर प्रदर्शन किया।

दलित प्रदर्शकारियों का जुलूस शांतिप्रिय तरीके से लघु सचिवालय पहुंचा जहां पर भी वक्ताओं ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन डीसी को सौंपा जिसे लेने के लिए पंचायती राज विभाग के एसडीओ मौके पर आए जिन्होंने उपायुक्त की तरफ से ज्ञापन प्राप्त किया तथा प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि इस पर तुरंत कार्रवाई करके राष्ट्रपति के भेज दिया जाएगा। इससे पूर्व दलित संगठनों के सदस्य क्रांतिमान पार्क में एकत्रित हुए। उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने लघु सचिवालय की तरफ कूच किया। इस दौरान राजगढ़ रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई तथा पुलिस को ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों के तेवर देखते हुए लघु सचिवालय में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।



हिसार। अपनी मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन करते दलित संगठनों के सदस्य।

### सीएम आवास पर प्रदर्शन की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता रजत कलसन ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ज्ञापन में मांगी गई मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री निवास कुरुक्षेत्र पर प्रदर्शन किया जाएगा तथा जिसमें दस हजार से अधिक प्रदर्शनकारी हिस्सा लेंगे। इस दौरान दिल्ली के पूर्व मंत्री संदीप वाल्मीकि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सोनू कुंडली, सीनियर अधिवक्ता रिखीराम, भीम आर्मी के पूर्व अध्यक्ष रोहित गरवा, करनैल सिंह, सुनीता गोलपुरियां, भूषण कुमार नुनिया, अधिवक्ता प्रवेश महिपाल, अधिवक्ता दीपक सैनीपुरा, विकास भाटला, अजय भाटला, विकी टॉक आदि उपस्थित रहे।

### ज्ञापन में यह रखी मांगें

उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में भाटला दलित संघर्ष समिति के सदस्यों ने मांग की कि तुरंत प्रभाव से अधिवक्ता रजत कलसन व भाटला दलित सामाजिक बहिष्कार पीड़ितों के विरुद्ध झूठे मुकदमों को खारिज किया जाए तथा पीड़ित मीर सिंह को धमकी देने वाले आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाए तथा अधिवक्ता रजत कल्सन को जिंदा जलाने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार किया जाए साथ ही अधिवक्ता रजत कलसन के दोनों फेसबुक अकाउंट बहाल किए जाएं तथा गांव में माहौल खराब होनेके चलते तुरंत प्रभाव पुलिस फोर्स तैनात की जाए और भाटला पीड़ितों को पलायन के लिए मजबूर करने वाले आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया जाए।

# श्रावण माह के प्रथम सोमवार को सजा शिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भूतभावन भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र श्रावण माह के प्रथम सोमवार को नागोरी गेट श्री सनातन धर्म हनुमान मन्दिर में बने शिवालय का गणपति स्वरूप में बड़ा ही अद्भुत व भव्य श्रृंगार श्री अनुज शर्मा द्वारा किया गया। मन्दिर में श्रावण माह में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक सोमवार व शिवरात्रि के दिन शिवालय को रंगीन लुभावनी लाइटों व विभिन्न प्रकार से भोलेनाथ का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। आज प्रथम सोमवार का श्रृंगार अशोक बालकिया, अहमदाबाद द्वारा करवाया गया। श्री सनातन धर्म हनुमान मन्दिर के सदस्यों तथा अन्य भक्तों ने पूजा अर्चना कर बाबा भोलेनाथ की आरती उतारी।

मन्दिर के कोषाध्यक्ष ने बताया कि बाबा भोलेनाथ का अलग-अलग रूपों में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ भव्य व आलौकिक श्रृंगार के प्रत्येक सोमवार व शिवरात्रि के दिन किया जाता है। सभी भक्तों से अनुरोध है कि बाबा के विभिन्न स्वरूपों में दर्शन कर धर्म लाभ उठाएं।



हिसार। गणपति स्वरूप में भव्य श्रृंगार के साथ शिवालय।

# विधायक रणधीर पनिहार ने अधिकारियों की बैठक ली

■ विधायक ने लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नलवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर पनिहार ने सोमवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के अधिकारियों से विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। विधायक ने लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश देते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जनता को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग फील्ड में जाकर लोगों की समस्याएं समझें और निदान करें।

संबंधित विभागों के अधिकारी तत्परता दिखाते हुए रिहायशी क्षेत्रों में जलभराव न होने दें। ज्यादा बरसात होने की स्थिति में अपनी मशीनरी को चुस्त दुरुस्त रखें ताकि तुरंत जल निकासी की जा सके। इसी प्रकार से सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त रखें और नियमित रूप से सफाई करवाएं।

नलवा क्षेत्र में सड़कों व पेयजल लाइन के लिए रूपरेखा तैयार करें। विधायक रणधीर पनिहार ने मेयर प्रवीण पोपली से नलवा विधानसभा के शहरी क्षेत्रों जैसे कि आजाद नगर, जवाहर नगर इत्यादि में विभिन्न विकास कार्य को लेकर चर्चा की।

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान देकर वहां सभी कार्यों को निश्चित समय सीमा में पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को वर्तमान में चल रहे विकास कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी।



हिसार। विधायक रणधीर पनिहार ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए, साथ हैं मेयर प्रवीण पोपली फोटो : हरिभूमि



हिसार। ठेके के विरोध में धरने पर बैठे दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

# शराब ठेके के विरोध में धरना 33वें दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ सुबह बारिश होने पर धरना अग्रसेन मार्केट के बरामदे में लगाया गया

महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका हटाने के विरोध में चल रहा धरना सोमवार को 33वें दिन भी जारी रहा। सुबह बारिश होने लगी पर धरना अग्रसेन मार्केट के बरामदे में लगाया गया।

धरने की शुरुआत संजय सुखीजा ने की। धरने को पवन कुमार गोयल (काका) समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा जहां लगी हुई है वे जमीन सरकार ने जब अलॉट की थी तो वो ही अग्रवाल सभा के प्रधान थे। स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल ने अग्रवाल समाज के साथ मिलकर हवन यज्ञ पूजन द्वारा इस प्रतिमा को स्थापित किया था। इस प्रतिमा के पास शराब का ठेका खुलना अग्रवाल समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के सामान है, सरकार तुरंत इस ठेका को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करे।

धरने पर मास्टर रामचन्द्र ज्यानी, ओम प्रकाश, अशोक कुमार बांगा, महेंद्र गर्ग, राजकुमार, प्रेम बंसल, कृष्ण गोयल देवकीनंदन, मोनू गोयल, अंशुल सिंगला, ओम प्रकाश, महावीर, विक्रम गोयल आदि मौजूद रहे।



हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

# लंबित मामलों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ समाधान शिविर में एडीसी सी जयाश्रद्धा ने सुनीं जन समस्याएं

अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सोमवार को समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनी। उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान को लेकर सख्त निर्देश दिए और कहा कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर विभागीय अधिकारी पूरी तत्परता के साथ कार्रवाई करें। हम सभी का दायित्व है कि प्रत्येक शिकायत का हल हो और शिकायतकर्ता संतुष्ट होकर लौटे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित मामलों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने प्रत्येक विभाग को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि समस्याओं का हल समयबद्ध ढंग से हो। उन्होंने समस्याएं सुनते हुए नागरिकों से कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नागरिकों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराता है, जहां वे सीधे प्रशासन से जुडक़र अपनी समस्या रख सकते हैं।

शिविर के अंत में उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएं और बेझिझक अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखें।

पेशाब की समस्याओं का स्थाई इलाज
• बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
• पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
• गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
• गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar

## डीएपी खाद का स्टॉक होने की सूचना पर सीएम फ्लाइंग जांच के लिए पहुंची

# सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर पहुंचकर शुरू करवाया खाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार के मिर्जापुर रोड स्थित एक गोदाम में डीएपी और यूरिया खाद का भारी स्टॉक मिलने के बाद सोमवार को किसानों में आक्रोश भड़क उठा। किसानों की शिकायत पर सीएम फ्लाइंग टीम की इंचार्ज सुनैना ने टीम सहित मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और जांच के बाद तुरंत डीएपी खाद का वितरण शुरू करवाया गया।

### भारी मात्रा में मिला खाद का स्टॉक

सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग टीम ने जब गोदाम की जांच की तो वहां भारी मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद का भंडारण पाया गया। गोदाम में किसानों की भीड़ जुट गई और उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें लंबे समय से खाद नहीं मिल रही है, जबकि गोदाम में स्टॉक उपलब्ध है। सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना के साथ मौके पर एएसआई सुरेन्द्र, कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजबीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने पूरे स्टॉक की जांच की और संबंधित अधिकारियों से खाद के सैम्पल भी जांच के लिए भरवाए, ताकि गुणवत्ता को लेकर कोई संदेह न रहे।



हिसार। हिसार में खाद का स्टॉक मिलने पर जांच करने पहुंची सीएम फ्लाइंग इन्चार्ज सुनैना। फोटो : हरिभूमि

### किसानों की मांग पर तुरंत शुरू हुआ वितरण

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने खाद के गोदाम को लेकर जांच की और कृषि विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। डॉ. राजबीर सिंह ने टीम को बताया कि गोदाम में 1372 मेट्रिक टन खाद आया था, जो हिसार, फतेहाबाद और सिरसा जिलों के लिए था। कुछ खाद पहले ही अन्य जिलों में भेजी जा चुकी थी, जबकि शेष खाद में नमी संबंधित कुछ तकनीकी आपत्तियाँ थीं, जिस कारण इसे रोका गया था।किसानों की ओर से खाद की तत्काल उपलब्धता की मांग को देखते हुए सीएम फ्लाइंग इन्चार्ज सुनैना ने चंबल फर्टिलाइजर्स के अधिकारियों और कृषि विभाग से बातचीत कर गोदाम से ही खाद का वितरण शुरू करवाया। मौके पर लाइन लगाकर किसानों को डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराई गई।

### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार का निर्देश है कि किसानों को समय पर व पर्याप्त मात्रा में खाद मिले। यदि किसी भी स्तर पर खाद की जमाखोरी, ब्लैक मार्केटिंग या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें।